चंडीगढ़ पुलिस में 700 कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया अगले हफ्ते से

चंडीगढ़ पुलिस में लंबे समय से भर्ती का इंतजार कर रहे हजारों युवाओं के लिए खुशखबरी है। यूटी प्रशासन ने 700 कांस्टेबल की भर्ती को हरी झंडी दे दी है। चंडीगढ़ पुलिस अगले एक दो दिन में कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। यह भर्ती सेंट्रल सर्विस रुल के तहत होगी।

शनिवार को पुलिस विभाग की ओर से कांस्टेबल भर्ती का नोटिफिकेशन जारी होगा। आनलाइन आवेदन के लिए एक महीना दिया जाएगा। हाल ही में यूटी एडवाइजर की अध्यक्षता में डीजीपी के साथ हुई बैठक में भर्ती प्रक्रिया को रिकार्ड समय में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। चयनित कैंडिडेट्स को अक्टूबर में ट्रेनिंग के लिए भेज दिया जाएगा। केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत 2024 आम चुनाव से पहले चंडीगढ़ पुलिस में करीब एक हजार पुलिस कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होगी। 2018 के बाद पुलिस में कांस्टेबल पदों पर भर्ती होगी। 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा आवेदन कर सकेंगे और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पोस्ट रिजर्व होंगी।

खेल कोटे से 50 और आइटी विंग में 180 कांस्टेबल होंगे भर्ती

कांस्टेबल भर्ती में खेल कोटे की सीटों पर भी भर्ती की जाएगी। करीब 50 पदों को नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के खिलाड़ियों से भरा जाएगा। यह भर्ती सामान्य भर्ती से अलग होगी, लेकिन भर्ती प्रक्रिया साथ-साथ चलेगी। चंडीगढ़ पुलिस में कांस्टेबल(आइटी) का अलग से कैडर बनाने की योजना है। आइटी एक्सपर्ट 180 कांस्टेबल भर्ती होंगे, जोकि यूटी पुलिस के आइटी सिस्टम को संभालेंगे। सामान्य कांस्टेबल के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं होगी, लेकिन कांस्टेबल(आइटी) विंग के लिए बीटेक की डिग्री हो सकती है।